(ख) यदि हां, तो ये लाइसेंस किन सदस्यों को दिये गये थे और ये किन वस्तुओं के लिये थे, कितने मूल्य के थे और किस आधार पर दिये गये थे ?

वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्री (श्री मोहन धारिया) : (क) और (ख). आयात लाइसेंसों के आंकड़े व्यवसायों अथवा सेवाओं के आधार पर नहीं रखे जाते हैं। फिर भी जारी किये गये सभी आयात लाइसेंसों के विवरण "वीकली बुलेटिन आफ इंडस्ट्रियल लाइसेंसेज, इम्पोर्ट लाइसेंसेज एण्ड एक्सपोर्ट लाइसेंसेज" में प्रकाशित किये जाते हैं। इस बुलेटिन की एक प्रति नियमित रूप से संसद पुस्तकालय को उपलब्ध कराई जाती है।

महालेखाकार, ग्वालियर द्वारा सेवानिवृत्त तथा निलम्बित किए गए कर्मचारी

3747. **श्री छवि राम अर्गल :** क्या **वित्त तथा राजस्व और बैंकिंग** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 26 जून, 1975 के बाद महालेखाकार, ग्वालियर द्वारा श्रेणीवार कितने कर्मचारी सेवानिवृत्त तथा निलम्बित किए गए; और

(ख) उनमें से सेवा में बहाल किए गए तथा अभी तक सेवा में बहाल न किए गए कर्मचारियों की श्रेणीवार अलग-अलग संख्या कितनी है और तत्सम्बन्धी विस्तृत जानकारी क्या है ?

वित्त तथा राजस्व और बैंकिंग मंत्री (श्री एच० एम० पटेल) :

(क) सेवा निवृत्त

समूह (क)

समूह 'ख' . .	2
समूह 'ग' . .	11
समूह 'घ' . .	1

निलम्बित :

समूह 'ग' . .	12
समूह 'घ' . .	6

(ख) (1) किसी भी सेवा-निवृत्त कर्मचारी को बहाल नहीं किया गया है।

(2) 26-6-75 के पश्चात् जिन कर्मचारियों को निलम्बित किया गया था उनमें से निम्नलिखित को पहले ही बहाल कर दिया गया है :

समूह 'ग' . .	8
समूह 'घ' . .	6

(3) समूह 'ग' के शेष 4 निलम्बित कर्मचारियों में से 2 ने निलम्बन के दौरान त्याग-पत्र दिया। एक व्यक्ति के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही चल रही है। एक व्यक्ति को केन्द्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियमावली के अन्तर्गत कार्यवाही करने के पश्चात् 7-5-77 को सेवा से हटा दिया गया। उसने अपील दायर की है जिसकी अपीलीय अधिकारी द्वारा जांच की जा रही है।

भारतीय उद्योग मंडल संघ द्वारा बनाई गई योजना

3748. **श्री सुरेन्द्र विक्रम :** क्या **वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या व्यापारियों की समस्याओं का अध्ययन करने के लिये भारतीय उद्योग मण्डल संघ ने एक योजना तैयार की है; और